<u>यौनउत्पीड़न एवं तनाव-प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित</u>

सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय के <u>सामाजिक सुरक्षा एवं लैंगिक अध्ययन केंद्र</u> की ओर से विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में '**कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न एवं तनाव-प्रबंधन**' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी.

केंद्र की अतिरिक्त निदेशक आई पी एस **श्रीमती के बी वंदना** ने बताया कि यह कार्यशाला जोधपुर ग्रामीण की महिला पुलिस कर्मियों के लिए रखी गयी थी. इसमें करीब 80 महिला पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया. कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उक्त केंद्र में अनुसन्धान सहायक **श्रीमती कुमुद पुरोहित** ने कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी. प्रबंधन-विभाग में असिस्टेंट प्रो. **श्री विजय सिंह** ने '<u>तनाव-प्रबंधन</u>' विषय पर पॉवर पॉइंट प्रस्तुतिकरण दिया. इसी दौरान सहायक आचार्या **डॉ कनिका पंवार** ने '<u>नौकरी सम्बंधित तनाव : राजस्थान पुलिस में महिला कर्मियों की समीक्षा</u>' विषय पर शैक्षणिक उद्देश्य के लिए उपस्थित महिला कांस्टेबल्स से प्रश्नावली-पत्रक भरवाकर सर्वेक्षण किया. कार्यशाला के द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए विधि-विभाग में सहायक आचार्य **डॉ मीनाक्षी पूनिया** ने '<u>कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम</u>' विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया. तत्पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र रखा गया जिसमें श्रोताओं ने बेबाकी से अपने प्रश्न विशेषज्ञों के समक्ष रखे. आखिर में विवि की उपकुलसचिव **श्रीमती डिंपल पंवार** ने आभार जताया.